# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**केमाशिबो/शैक्ष./एसो.प्रो. एवं अप.निदे.(प्रा.दी.)/2026** **दिनांक: 29.06.2026**

**परिपत्र सं.:शैक्ष-44/2026**

केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख

**विषय: सेनबोसेक (CENBOSEC) (जनवरी-जून 2026) के लिए लेख और कवर डिज़ाइन आमंत्रण के संबंध में।**

केमाशिबो की अर्धवार्षिक ई-पत्रिका 'सेनबोसेक' (CENBOSEC), संबद्ध विद्यालयों में चल रहे नवीन शिक्षण संबंधी पद्धतियों, नवाचार और सफलता की कहानियों को साझा करने का एक अत्यंत मूल्यवान मंच है। यह ई-पत्रिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 और राष्ट्रीय विद्यालयी शिक्षा पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCFSE) 2023 के संदृश्य के अनुरूप विद्यालयों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित करती है।

आज की तेजी से बदलती दुनिया में, आपातकालीन स्थितियों और आपदाओं का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए विद्यार्थियों और समुदायों के भीतर जागरूकता, तत्परता और समाधान उत्पन्न करने में विद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुरक्षा शिक्षा और आपदा-तत्परता के इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए, सेनबोसेक अर्धवार्षिक संस्करण (जनवरी-जून 2026) का मुख्य विषय (Theme) निर्धारित किया गया है:

**"सशक्त विद्यालय, सुरक्षित भविष्य: आपदा प्रबंधन का प्रभावी क्रियान्वयन। "**
**"Resilient Schools, Safe Futures: Disaster Management in Action"**

इस संस्करण का उद्देश्य आपदा तैयारियों, जोखिम न्यूनीकरण, सुरक्षा जागरूकता और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों द्वारा की गई नवीन और प्रायोगिक पहलों को प्रदर्शित करना है। यह संस्करण विद्यालयों को अपनी वास्तविक पद्धतियों, गतिविधियों और सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो यह दर्शाती हों कि आपदा प्रबंधन को विद्यालय की संस्कृति और विद्यार्थी अधिगम प्रक्रिया में किस प्रकार एकीकृत किया गया है।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे सेनबोसेक के आगामी अंक के लिए **30 जुलाई 2026** या उससे पहले अपने लेख और कवर डिज़ाइन प्रविष्टियाँ प्रस्तुत करें।

**उप-विषय (Sub-Themes):**

1. **जलवायु परिवर्तन, आपदा तैयारी और विद्यालयों में सेफ्टी ड्रिल (Safety Drills)**
2. **सामुदायिक सहभागिता, स्वास्थ्य आपातकाल और मनोवैज्ञानिक कल्याण (Psychological Well-being)**
3. **आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी**
4. **कक्षा शिक्षण में आपदा प्रबंधन का एकीकरण**

**गतिविधि अ (Activity A): शिक्षकों/शिक्षिकाओं से आमंत्रित प्रविष्टियाँ**

प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को आमंत्रित किया जाता है कि उपर्युक्त किसी भी उप-विषय पर हिंदी या अंग्रेजी में अपने 'मूल लेख' आगामी अंक के लिए गूगल फॉर्म लिंक https://forms.gle/BUZtywbEASUiuW3c6 के माध्यम से भेजें। विशेषज्ञों की एक समिति इस अंक में प्रकाशन के लिए सर्वश्रेष्ठ लेखों का चयन करेगी। समिति का निर्णय अंतिम होगा।

विद्यालय **निम्नलिखित किसी भी एक उप-विषय** का चयन कर सकते हैं और विद्यालय द्वारा किए गए नवाचार को प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। संदर्भ के लिए कुछ सुझावपूर्ण गतिविधियाँ नीचे दी गई हैं:

**1. जलवायु परिवर्तन, आपदा तैयारी और विद्यालयों में सेफ्टी ड्रिल्स:**
(सुझावात्मक गतिविधियाँ)

- भूकंप, आग, बाढ़ या आपातकालीन निकासी के मॉक ड्रिल का आयोजन।
- विद्यालय आपदा प्रबंधन योजनाओं (SDMP) का विकास और क्रियान्वयन।
- विद्यार्थी सुरक्षा समितियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों का गठन।
- हीट एक्शन प्लान (लू से बचाव की योजना) और जागरूकता अभियान।
- जल संरक्षण और बाढ़ की तैयारी से जुड़ी पहल।
- जलवायु-संबंधी आपदाओं और पर्यावरणीय स्थिरता से संबंधित गतिविधियाँ।

**2. सामुदायिक सहभागिता, स्वास्थ्य आपातकाल और मनोवैज्ञानिक कल्याण:**
(सुझावात्मक गतिविधियाँ)

- महामारी और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों के दौरान की गई तैयारियाँ।
- स्वच्छता, साफ-सफाई और प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) पर जागरूकता कार्यक्रम।
- संकट की स्थितियों के दौरान परामर्श (Counselling) और भावनात्मक समर्थन की पहल।
- एनडीआरएफ (NDRF)/एसडीआरएफ (SDRF), अग्निशमन विभागों, अस्पतालों या स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय; तथा विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन संचार, बचाव तकनीक और बुनियादी उत्तरजीविता कौशल (Survival Skills) में प्रशिक्षित करना।
- विद्यार्थियों के नेतृत्व में सामुदायिक जागरूकता अभियान।
- विद्यालयों द्वारा संचालित राहत, पुनर्वास या सुधार सहायता पहल।

**3. आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी:**
(सुझावात्मक गतिविधियाँ)

- आपातकालीन तैयारियों के लिए डिजिटल टूल्स/ऐप्स का उपयोग।
- आपदा शमन (Mitigation) पर विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स/मॉडल।
- स्थानीय आपदाओं और सामुदायिक तैयारियों पर विद्यार्थियों के नेतृत्व में शोध परियोजनाएँ।
- सुरक्षा जागरूकता और संचार प्रणालियों में प्रौद्योगिकी का एकीकरण।

**4. कक्षा शिक्षण में आपदा प्रबंधन का एकीकरण:**
(सुझावात्मक गतिविधियाँ)

- कक्षा की गतिविधियाँ जो आपदा प्रबंधन को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भूगोल, भाषाओं और कला शिक्षा के साथ जोड़ती हैं।
- भूकंप, बाढ़, चक्रवात, सूखे और जलवायु परिवर्तन पर अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) परियोजनाएँ।
- आपदा तैयारी पर विद्यार्थियों के पोर्टफोलियो, मॉडल, पोस्टर और जागरूकता सामग्री की तैयारी।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित विद्यालयी प्रदर्शनियाँ, सर्वेक्षण, मानचित्रण (Mapping) गतिविधियाँ और क्षेत्र भ्रमण (Field Visits)।
- आपातकालीन प्रतिक्रिया और समाधान पर रोल प्ले, कहानी सुनाना, वाद-विवाद और सिमुलेशन (कृत्रिम परिवेशीय अभ्यास)।
- सुरक्षा और समाधान संबंधी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कला-एकीकृत अधिगम (Art-Integrated Learning) का उपयोग।

**लेखों में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल हो सकती हैं:**

- विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों के प्रकरण अध्ययन (Case Studies)।
- मॉक ड्रिल, अभियानों, परियोजनाओं या जागरूकता कार्यक्रमों की रिपोर्ट।
- नवीन कक्षा-आधारित या समुदाय-आधारित पद्धतियाँ।
- आपदा तैयारी और सुरक्षा से संबंधित विद्यार्थी-नेतृत्व वाली पहल।
- आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए प्रौद्योगिकी और स्थानीय संसाधनों का उपयोग।

**महत्वपूर्ण नोट:** प्रस्तुतियाँ अनिवार्य रूप से विद्यालयों द्वारा कार्यान्वित वास्तविक गतिविधियों और कार्यनीतियों पर केंद्रित हो। लेखों में की गई पहलों, विद्यार्थियों /शिक्षकों/समुदाय की सहभागिता, प्राप्त परिणामों और मुख्य अधिगमों का स्पष्ट वर्णन हो। सामान्य दिशानिर्देश, सैद्धांतिक विवरण, या बिना किसी साक्ष्य के प्रस्तुत की गई एआई-जनित सामग्री (AI-generated content) पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रविष्टियों की मौलिकता और प्रामाणिकता अनिवार्य है।

**गतिविधि ब (Activity B): कवर डिज़ाइन प्रतियोगिता**

विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाता है कि मुख्य विषय "**सशक्त विद्यालय, सुरक्षित भविष्य: आपदा प्रबंधन का प्रभावी क्रियान्वयन**" /***"Resilient Schools, Safe Futures: Disaster Management in Action"*** के अनुरूप अपनी 'मूल कवर डिज़ाइन' कलाकृति को गूगल फॉर्म लिंक https://forms.gle/TNHFAiqxVFWqhT697 के माध्यम से प्रस्तुत करें। चयनित कलाकृति को सेनबोसेक संस्करण (जनवरी-जून 2026) के मुख्य पृष्ठ (Cover Page) पर प्रदर्शित किया जायेगा।

लेख और कवर डिज़ाइन प्रस्तुत करने के विस्तृत दिशानिर्देश संलग्नक 1 (Annexure 1) में हैं।

आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त जानकारी को सभी हितधारकों (शिक्षकों और विद्यार्थियों) के बीच प्रसारित करें और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

**महत्वपूर्ण सूचना:**

- लेख और कवर डिज़ाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **30 जुलाई 2026** है।
- किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया संपर्क करें:
  - **दूरभाष संख्या:** 011-24050618
  - **ईमेल:** cenbosec.cbse@cbseshiksha.in

शुभकामनाओं सहित!

**(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)**
**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

**प्रतिलिपि:- नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित:**

1.आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16

2.आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309

3.सचिव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

4.सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001

5.अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005

6.शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

7.सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017

8.शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101

9.विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111

10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101

11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख

12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456

13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची-834004 (झारखंड)

14. निदेशक, संभोता तिब्बतन विद्यालय सोसायटी (एसटीएसएस), केंद्रीय तिब्बतन प्रशासन (सीटीए),धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश

15. सेना शिक्षा के अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001

16. सचिव, एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट -110010

17. निदेशक, नौसेना शिक्षा सोसायटी, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लाक-वी, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066

18. अध्यक्ष, केमा.शि.बो. के उप सचिव

19. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमा.शि.बो.

20. केमा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने- अपने क्षेत्रों में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजें।

21. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/प्रधान निजीसचिव/ वरिष्ठ निजी सचिव/ सहायक सचिव, केमा.शि.बो.

22. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमा.शि.बो.

23. प्रभारी आईटी एकक को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को केमा.शि.बो. की शैक्षणिक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए।

24. प्रभारी, पुस्तकालय

25. रिकॉर्ड फ़ाइल

**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**CBSE/ACAD/AP&AD(PD)/2026** **Date: 29 June, 2026**

**Circular No: Acad-44/2026**

All the Heads of Schools affiliated to CBSE

**Subject: Inviting articles and cover design for CENBOSEC (January-June 2026) – reg.**

**Dear Principal,**

CENBOSEC, CBSE's biannual e-magazine, serves as a valuable platform for sharing innovative pedagogical practices, school initiatives, and success stories from across the CBSE affiliated schools. The e-magazine also highlights efforts undertaken by schools in alignment with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020 and the National Curriculum Framework for School Education (NCFSE) 2023.

In today's rapidly changing world, schools play a crucial role in creating awareness, preparedness, and resilience among students and communities to face emergencies and disasters effectively. Recognizing the importance of safety education and preparedness, the theme for the CENBOSEC biannual Edition (January-June 2026) is:

**"Resilient Schools, Safe Futures: Disaster Management in Action"**

This edition aims to showcase innovative and practical initiatives undertaken by schools to promote disaster preparedness, risk reduction, safety awareness, and emergency response mechanisms. Schools are encouraged to share their actual practices, activities, and success stories demonstrating how disaster management has been integrated into school culture and student learning.

Schools are requested to submit articles and cover design entries for the forthcoming issue of CENBOSEC on or before **30th July 2026**.

**Sub-Themes:**

1. **Climate Change, Disaster Preparedness and Safety Drills in Schools**
2. **Community Participation, Health Emergencies and Psychological Well-being**
3. **Innovation and Technology for Disaster Risk Reduction**
4. **Integrating Disaster Management into Classroom Teaching**

**Activity A: Entries Invited from Educators:** Principals and teachers are invited to send their 'original articles' in Hindi or English on any of the sub-themes given above for the forthcoming issue of CENBOSEC, using the Google form link https://forms.gle/BUZtywbEASUiuW3c6. A

committee of experts will select the best articles for publication in this issue. The decision of the committee will be final.

Schools may choose to explore **any one of the following sub-themes** and submit the entries highlighting innovative and action-oriented practices undertaken by the school. A few suggestive activities based on the sub-theme are given for reference:

**Sub-Themes**

**1. Climate Change, Disaster Preparedness and Safety Drills in Schools**

*(Suggested activities)*

- Conduct of earthquake, fire, flood, or evacuation mock drills
- Development and implementation of School Disaster Management Plans
- Student safety committees and emergency response teams
- Heat action plans and awareness campaign
- Water conservation and flood preparedness initiatives
- Activities addressing climate-related disasters and environmental sustainability

**2. Community Participation, Health Emergencies and Psychological Well-being**

*(Suggested activities)*

- Preparedness during pandemics and health-related emergencies
- Awareness programmes on hygiene, sanitation, and first aid
- Counselling and emotional support initiatives during crisis situations
- Collaboration with NDRF/SDRF, fire departments, hospitals, or local authorities and Training students in first aid, emergency communication, rescue techniques, and basic survival skills
- Community awareness campaigns led by students
- Relief, rehabilitation, or recovery support initiatives undertaken by schools

**3. Innovation and Technology for Disaster Risk Reduction**

*(Suggested activities)*

- Use of digital tools/apps for emergency preparedness
- Student projects/models on disaster mitigation
- Student-led research projects on local disasters and community preparedness
- Integration of technology in safety awareness and communication systems

**4. Integrating Disaster Management into Classroom Teaching**

*(Suggested activities)*

- Classroom activities linking disaster management with Science, Social Science, Geography, Languages, and Art Education

- Experiential learning projects on earthquakes, floods, cyclones, droughts, and climate change
- Preparation of student portfolios, models, posters, and awareness materials on disaster preparedness
- School exhibitions, surveys, mapping activities, and field visits related to disaster risk reduction
- Role play, storytelling, debates, and simulations on emergency response and resilience
- Use of art-integrated learning to promote safety and resilience education

**The articles may include:**

- Case studies of activities conducted in schools
- Reports of mock drills, campaigns, projects, or awareness programmes
- Innovative classroom or community-based practices
- Student-led initiatives related to disaster preparedness and safety
- Use of technology and local resources for disaster risk reduction

**Important Note:**

Submissions must focus on **actual activities and strategies implemented by schools**. Articles should clearly describe the initiatives undertaken, participation of students/teachers/community, outcomes achieved, and key learnings. **General guidelines, theoretical descriptions, or AI-generated content without evidence of implementation will not be considered for publication.** Originality and authenticity of entries are essential.

**Activity B: Cover Design Competition:** Students are invited to submit 'original cover design' artwork aligned with the theme *"Resilient Schools, Safe Futures: Disaster Management in Action",* using the Google form link https://forms.gle/TNHFAiqxVFWqhT697. Selected artwork may be featured on the cover page of the CENBOSEC Edition (January-June 2026).

The guidelines for submission of articles and cover design is attached at **Annexure 1.**

You are requested to disseminate the above information among all the stakeholders and encourage them to ensure their maximum participation in submitting the articles and cover designs.

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**Important Information:**

- The last date to submit the Articles and Cover Design is **30th July 2026.**
- For queries, please contact:
  **Phone No.:** 011-24050618
  **Email:** cenbosec.cbse@cbseshiksha.in

With best wishes!

**(Dr. Praggya M. Singh)**
**Professor and Director (Academics)**

**Copy to the respective Heads of Directorates, Organizations and Institutions with a request to disseminate the information to all the schools under their jurisdiction:**

1. The Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan, 18 Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-16
2. The Commissioner, Navodaya Vidyalaya Samiti, B-15, Sector-62, Institutional Area, Noida-201309
3. The Secretary, Eklavya Model Residential Schools (EMRS), Ministry of Tribal Affairs, Government of India.
4. The Secretary, Sainik Schools Society, Room No. 101, D-1 Wing, Sena Bhawan, New Delhi-110001
5. The Chairman, Odisha Adarsha Vidyalaya Sangathan, N-1/9, Near Doordarshan Kendra, PO Sainik School Nayapalli, Bhubaneswar, Odisha-751005
6. The Director of Education, Directorate of Education, Govt. of NCT of Delhi, Old Secretariat, Delhi-110 054
7. The Director of Public Instructions (Schools), Union Territory Secretariat, Sector 9, Chandigarh-160017
8. The Director of Education, Govt. of Sikkim, Gangtok, Sikkim –737101
9. The Director of School Education, Govt. of Arunachal Pradesh, Itanagar –791 111
10. The Director of Education, Govt. of A&N Islands, Port Blair – 744101
11. The Director of School Education, Ladakh, Room No.101-102, Ground Floor, Council Secretariat, Kurbathang, Kargil - Ladakh
12. The Director of School Education, Andhra Pradesh, 3rd Floor, B block, Anjaneya Towers, VTPS Rd, Bhimaraju Gutta, Ibrahimpatnam, Andhra Pradesh – 521 456
13. The Director, Jharkhand Education Project Council, Ranchi, Jharkhand
14. The Director, Sambhota Tibetan Schools Society (STSS), Central Tibetan Administration (CTA), Dharamshala, HP
15. The Additional Director General of Army Education, A –Wing, Sena Bhawan, DHQ, PO, New Delhi-110001
16. The Secretary AWES, Integrated Headquarters of MoD (Army), FDRC Building No. 202, Shankar Vihar (Near APS), Delhi Cantt-110010
17. The Director, Navy Education Society, Directorate of Naval Education, Naval Headquarters, Ministry of Defence, West Block-V, RK Puram, Delhi – 110066
18. DS to Chairperson, CBSE
19. Secretary/ Controller of Examinations/ All Directors, CBSE
20. All Regional Directors/ Regional Officers of CBSE with the request to send this circular to all the Heads of the affiliated schools of the Board in their respective regions
21. All Joint Secretary/ Deputy Secretary/ Under Secretary/ Assistant Secretary, CBSE
22. All Head(s)/ In-Charge(s), Centre of Excellence, CBSE
23. In charge IT Unit with the request to put this Circular on the CBSE Academic Website
24. In-Charge, Library
25. Record File

**Professor and Director (Academics)**

**Annexure 1**

## Guidelines

The guidelines for the schools participating in the creation and submission of articles are as below.

- **Topic Selection:** Authors must choose one of the sub-themes listed in the circular. These sub-themes are designed to explore various dimensions of disaster preparedness, risk reduction, resilience building, and safety education in schools. Articles should include actionable insights, innovative practices, challenges encountered, and outcomes achieved, demonstrating how schools are fostering a culture of safety, preparedness, and resilience among students and the wider community.
- **Suggested Structure of Article**:
  - **Title:** Choose a clear and concise title for the article.
  - **Introduction:** Provide an overview of the topic and explain its importance.
  - **Main Content:** Discuss innovative practices, school initiatives, and personal experiences related to the theme.
  - **Conclusion:** Summarise key points and suggest future actions or strategies to promote safety measures in schools from any disaster.
  - Reflection/ best practices for sharing with others.
  - End notes/ References.
- **Submission Guidelines:**
  - Articles can be written in **English** or **Hindi**.
  - The author should insert a coloured passport size self-photograph at the end of the article and mention her/his name, class/designation, school name and address with school affiliation number.
  - The author shall submit the article in MS-Word only (PDF will not be considered). The word file should be named **"Name of author_School affiliation number".**
  - The article sent for submission must be previously unpublished.
  - Articles should be well-written with clarity and copy-edited carefully before submission.
  - The articles must be checked for plagiarism. Plagiarism is seen as a serious professional misconduct and, if identified, the submitted article will be summarily rejected.
  - The length of articles should not exceed 1000 words/ 2-3 pages (A4 size) including images. Font size should be 11-point Arial, whether in normal, bold or italic; including endnotes with line spacing of 1.5.
  - Please do not insert line breaks in the text or special spacing for formatting. All texts / paragraphs should have 1.5 spacing.
  - In case of articles in Hindi, the font should be Mangal with font size 11.
  - Tables and images should be placed close to the text where they are referred. Table headings should be above the tables. At least 4-5 images must be there with the image caption centred below the image.
  - Scanned images of articles will be rejected.
  - The article should mention the sub-theme as well as a proper title.
  - Relevant pictures uploaded should be of 300 pixels.
  - Cover page design should be in Portrait Orientation, Self-composed (hand-made) by the student and should be AI and plagiarism-free. Landscape orientation will not be considered.

All citations should be in endnotes and not in the text. It is the responsibility of the author to obtain permission for the use of any copyrighted material, including images.

---------------